तापमान

अधिकतम 38 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 28 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026

10 जींद से विकसित हरियाणा के नए युग...




10 पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने का दिया न्योता



## खबर संक्षेप

### पीएम के दौरे के दौरान ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**जींद।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित जींद दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से कड़े एहतियाती कदम उठाए हैं। जिलाधीश एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत आदेश जारी करते हुए 17 जुलाई को पीएम के दौरे के दौरान जींद में तय क्षेत्र में ड्रोन सहित सभी प्रकार के मानव रहित उड़ान यंत्रों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** गांव फरल में युवक पर हुए जानलेवा हमले के बाद पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। घायल के सिर पर वार होने से उसे गंभीर चोटें आई थीं। पूंडरी थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव फरल निवासी राहुल ने शिकायत दी कि 25 जून की रात उसके घर के बाहर दुष्यंत और गुलशन ने उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसका मेडिकल कराया गया था, जिसमें डॉक्टर ने दो चोटें दर्ज कर सीटी हेड कराने की सलाह दी थी।

### पीआरटीसी बस की चपेट में आने से बुजुर्ग घायल

**कैथल।** शहर के परशुराम चौक पर सड़क पार कर रहे 77 साल के बुजुर्ग को पीआरटीसी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग की बाजू टूट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिटी थाना पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मलिक नगर निवासी गजे सिंह ने शिकायत में बताया कि वह वेयर हाउस से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। 11 जुलाई सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर से माता गेट की ओर जा रहे थे।

### घर से नकदी-सामान चोरी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल द्वारा मकान से नकदी व अन्य सामान चोरी मामले में दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महाबीर राईस कालोनी कैथल निवासी राजकुमार की शिकायत अनुसार 3 जुलाई की रात अज्ञात व्यक्ति उसके घर का ताला तोड़कर बर्तन, टुटिंया व 1 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान की टीम द्वारा करते आरोपी शांति नगर निवासी राहुल व जाखोली अड्डा निवासी अरुण को काबू कर लिया गया।

### वाहन चोर से चोरी की दो बाइक बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने एक बाइक चोर को काबू कर उसके कब्जे से दो चोरीशुदा बाइके बरामद की है। पुलिस पूछताछ मे आरोपित ने तीन चोरी की वारदातों को स्वीकार किया है। सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि गत 17 जून को नरवाना बस अडडे से गांव ढाकल निवासी अनिल की बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज की सहायता से जांच को आगे बढाया तो रत्न कालोनी निवासी राहुल उर्फ मूसा का नाम सामने आया है।

### अवैध असला अमुनेशन सहित 2 आरोपी दबाचे

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ अलग अलग दो मामलों में थाना सदर क्षेत्र से 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से दो 315 बोर देसी कट्टे तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संजय कुमार की टीम सांयकालीन गस्त दौरान गांव गढ़ी बस अड्डा के पास मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को गुप्त मिली की गांव छौत निवासी बबलू अवैध असला लिए अपने गांव छौत आया हुआ हैं।

# 15 आईपीएस-50 डीएसपी संभालेंगे सुरक्षा की कमान, 5000 जवान रहेंगे तैनात

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 जुलाई को आगमन को देखते हुए शहर को मजबूत सुरक्षा किले में तबदील किया जा रहा है। 15 आईपीएस अधिकारी सुरक्षा की कमान संभालेंगे। 50 डीएसपी पांच हजार जवानों के साथ तैनात रहेंगें। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा इतनी कड़ी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। जिसको लेकर पुलिस विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियों के साथ रेली स्थल तथा रेलवे जंक्शन पर तैनाती को शुरू कर दिया गया है। इसके इलावा 80 पुलिस नाके लगाए गए हैं। पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी सुरक्षा को लेकर लगातार प्रबंधों को रिवाइज कर रहे हैं। पूरा क्षैत्र तीसरी आख के दायरे मे रहेगा। पीएम नरेंद्र मोदी की रैली को लेकर शहर में 15 आईपीएस अधिकारियों को तैनात किया जा रहा है। उनके साथ 50 डीएसपी को लगभग पांच हजार पुलिस कर्मियों के साथ तैनात किया जा रहा है। जिसमें 200 इंस्पेक्टर व 500 सब इंस्पेक्टर, लगभग 600 महिला पुलिस भी शामिल हैं। सुरक्षा कर्मी आधुनिक उपकरण तथा आधुनिक तकनीकि से लैस होंगे।



**जींद।** रैली स्थल का जायजा लेते सीआईडी चीफ सौरभ सिंह। *फोटो :हरिभूमि*

### खुफिया एजेंसियों ने डाला डेरा

पीएम मोदी के आगमन को लेकर खुफिया एजेंसियों में भी डेरा डाल लिया है। एजेसिंयों से जुड़े लोग लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं। जिसके इनपुट अपने आला अधिकारियों को दिए जा रहे है। हर गतिविधियों पर बारिकी से नजर रखी जा रही है। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जार रही है। अपने तंत्र को पूरे इलाके में एक्टिवेट किया गया है ताकि समय पर सूचना मिलती रहे। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा को लेकर बेहद कड़े प्रबंध किए गए हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर तीसरी आंख से नजर रखी जा रही है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि संदिग्ध वस्तु तथा व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत को पुलिस सूचना दे। 17 जुलाई को इको फ्रेंडली वाहनों का प्रयोग करें।

एक्टिव होंगे 80 पुलिस नाके, लगातार जारी रहेगी गश्त पीएम की सुरक्षा मे कोई चूक न हो इसके लिए 22 स्थायी पुलिस नाकों समेत 80 पुलिस नाकों को एक्टिवेट किया जा रहा है ताकि कोई अवाछित तत्व शहर मे न घुस सके। शहर की तरफ आने वाले वाहनों की गहनता से जांच होगी। 17 जुलाई को आठ बजे के बाद शहर के अंदर महत्वपूर्ण सड़कों पर वाहनों की एंट्री नही हो पाएगी। ऐसे वाहनों के लिए अलग से रूट मैप जारी किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी चौपर से पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड पर उतरेंगे। जिसके बाद रेलवे जंक्शन पर हाइड्रोजन प्लांट का उद्घाटन करेंगें और देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। रेलवे जंक्शन की दूरी लगभग दस किलोमीटर है। जिसके चलते सड़कों पर हर दस मीटर के दायरे में एक पुलिस कर्मी तैनात मिलेगा। सड़क के साथ हर गली तथा हर कट पर नाक पुलिस कर्मी तैनात रहेगा। इसके अलावा 30 राइडर, छह पीसीआर, छह ईआरवी वाहनो की तैनाती की गई है। जबकि सबधित थाना प्रभारी अपने अपने इलाको मे चौकसी बरतेंगे।

## क्रेटा कार व ट्रक से 95 कट्टों में 1928.100 किलोग्राम डोडा पोस्त पकड़ा

# तीन करोड़ की डोडा पोस्त सहित छह आरोपी गिरफ्तार

### मध्यप्रदेश से नशीला पदार्थ खरीदकर पंजाब में सप्लाई करने जा रहे थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा अंतरराज्यीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते दिल्ली-कटरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर एक ट्रक तथा उसकी एस्कॉर्ट कर रही क्रेटा कार से कुल 95 कट्टों में 1928.100 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद करते 6 आरोपियों को काबू किया गया। बरामद किए गए नशीले पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

डीएसपी सुशील प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम सिंह की टीम अपराध नियंत्रण एवं गश्त के दौरान दिल्ली-कटरा हाईवे पर गांव सिणद क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दिल्ली की ओर से एक सफेद रंग की क्रेटा कार तथा उसके पीछे एक ट्रक आ रहा है। सूचना के अनुसार दोनों वाहन एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं तथा इनमें बैठे लोग पंजाब के रहने वाले हैं, जो लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त हैं। सूचना अनुसार ट्रक में ऊपर की तरफ लोहे का स्क्रैप रखा गया है, जबकि उसके नीचे भारी मात्रा में डोडा पोस्त छिपाकर पंजाब ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने गांव सिणद क्षेत्र में दिल्ली-कटरा हाईवे पर नाकाबंदी शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू की और संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर रखी। कुछ समय बाद सूचना के अनुसार एक सफेद रंग की क्रेटा कार तथा उसके पीछे ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब क्रेटा कार को रुकने का संकेत दिया तो चालक ने अचानक मोड़कर वापस भागने का प्रयास किया, लेकिन वाहनों की आवाजाही से वह सफल नहीं हो सका। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते दोनों वाहनों को चारों ओर से घेरकर सुरक्षित रोक लिया। पूछताछ में क्रेटा कार में सवार चार व्यक्तियों की पहचान रवि कुमार निवासी पातड़ा, करनैल सिंह निवासी मरोड़ी, नरेश उर्फ नेशी निवासी निर्मलकोट (साधमाजरा) तथा सुखविन्द्र सिंह उर्फ बिन्दु निवासी गांव मरोड़ी, जिला पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई। वहीं ट्रक में सवार दो व्यक्तियों की पहचान हरविन्द्र सिंह निवासी गांव रतनहेड़ी, जिला पटियाला तथा गुरजैन्ट निवासी समाना, जिला पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई।



**कैथल।** पुलिस द्वारा काबू किए नशा तस्कर। *फोटो :हरिभूमि*



**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश जानकारी देते। *फोटो :हरिभूमि*

### नशा तस्कर को बक्शा नहीं जाएगा: डीएसपी

डीएसपी ने कहा कि जिला पुलिस का साफ संदेश है, किसी भी नशा तस्कर को बक्शा नहीं जाएगा। कैथल पुलिस द्वारा विशेष तौर पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए कैथल व गुहला-चीका में 2 एंटी नारकोटिक सैल भी बनाए गए है। जिला पुलिस की सभी क्राइम युनिट सहित थाना चौकी की टीमें लगातार नशा तस्करों के खिलाफ शिकंजा कस रही है। आमजन के पास नशा तस्करी से संबंधित कोई सूचना है तो बेझिझक पुलिस को दें, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। नशा तस्करों की असली जगह जेल है।

### आरोपियों से पूछताछ जारी

पुलिस सूचना उपरांत डीएसपी कलायत रोहताश कुमार मौके पर पहुंचे। क्रेटा कार की तलाशी दौरान कार की डिग्गी से काले रंग के 5 कट्टो से 101 किलोग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। इसके बाद ट्रक की गहन तलाशी ली। ट्रक के केबिन के पीछे बने विशेष गुप्त हिस्से से 90 कट्टे बरामद हुए। सभी कट्टों की जांच करने पर उनमें भी डोडा पोस्त मिला। प्रत्येक कट्टे का अलग-अलग इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन किया गया। सभी 90 कट्टों का कुल वजन 1827.100 किलोग्राम पाया गया। इस प्रकार दोनों वाहनों से कुल 95 कट्टों में 1928.100 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मध्यप्रदेश से यह नशीला पदार्थ खरीदकर लाए है तथा पंजाब में सप्लाई करना था।

# जमीन की सौदेबाजी कर ढाई एकड़ व 60 लाख रुपये हड़पे

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धोखाधड़ी कर ढाई एकड़ जमीन अपने नाम करवाने तथा 60 लाख रुपये हड़पने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गाव उचाना कलां निवासी जयभगवान ने पुलिस को दी शिकायत में उसका गांव जीतगढ़ निवासी प्रदीप के साथ काफी आना जाना रहा है। उसने गांव उचाना कलां में चार एकड़ जमीन का बयनामा करवा रखा था। उसका बाहर आना जाना होने के चलते जयभगवान से रजिस्ट्री करवाने को कहा था। जयभगवान अनपढ़ व्यक्ति है। जिसके बाद प्रदीप ने गांव लुदाना निवासी अशोक के साथ मिल कर योजना बनाई। दोनों आरोपितों ने गांव संडील निवासी दिलबाग से बातचीत की जमीन खरीदने को कहा। सहमति होने के बाद तीनों ने जयभगवान से सौदा हुई जमीन की रोहताश के नाम रजिस्ट्री करवाने को कहा। जिसके बाद प्रदीप ने जयभगवान के बय नामा पर काटा मार कर अपने हस्ताक्षर कर जयभगवान को दे दिया। आरोपितों ने जयभगवान के खाते मे 79 लाख आरटीजीए करवा दिए। फिर जयभगवान के खाते से प्रदीप न अपने जानकार रितू तथा मनजीत के खातों तीस तीस लाख रुपये ट्रांसफर करवा दिए। आरोपितों ने दो एकड़ की बजाय अढाई एकड़ जमीन की रजिस्ट्री दिलबाग की पत्नी बिंद्रा के नाम करवा ली। रजिस्ट्री के अंदर दस्तावेजों में आरोपितो ने एक करोड़ 51 लाख भुगतान जयभगवान को देने का हवाला दिया गया। जब उसे धोखाधड़ी करने के बारे मे पता चला तो उसने प्रदीप को बोला तो वह धमकी देने लगा। उचाना थाना पुलिस ने जयभगवान की शिकायत पर गांव जीतगढ़ निवासी प्रदीप, गांव लुदाना निवासी अशोक, गांव संडील निवासी दिलबाग, उसकी पत्नी बिंद्रा के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोखाधड़ी कर अढाई एकड़ जमीन अपने नाम करवाने तथा 60 लाख रुपये हड़पने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### जांच जारी

उचाना थाना के जांच अधिकारी चद्रपाल ने बताया कि धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री करवाने तथा राशि हड़पने की शिकायत मिली थी। फिलहाल छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की रही है।

# रिकॉर्ड तय मानकों के अनुरूप व्यवस्थित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण तथा विभागीय नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला औषधि निरीक्षक डॉ. चेतन वर्मा ने सोमवार को सीवन क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोरों पर उपलब्ध दवाओं के रखरखाव, स्टॉक रजिस्टर, खरीद-बिक्री संबंधी अभिलेख, लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोरों पर अभिलेखों के संधारण एवं आवश्यक दस्तावेजों में मामूली कमियां पाई गईं। इस पर डॉ. वर्मा ने संबंधित संचालकों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी रिकॉर्ड निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में निरीक्षण के दौरान नियमों की अनदेखी पाए जाने पर विभागीय नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। डॉ. चेतन वर्मा ने कहा कि प्रत्येक दवा विक्रेता का दायित्व है कि वह औषधियों के भंडारण, बिक्री और अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित सभी नियमों का पूरी जिम्मेदारी है।



### विभागीय नियमों का पालन करें

बताया कि औषधि नियंत्रण विभाग समय-समय पर जिले के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण करता रहेगा, ताकि दवा बिक्री में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। सभी मेडिकल स्टोर संचालकों से विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा रिकॉर्ड को नियमित रूप से अद्यतन रखने की अपील भी की। उप अधीक्षक हरीश छाबड़ा भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने भी मेडिकल स्टोर संचालकों को विभागीय नियमों का पालन करने तथा आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से संधारित रखने के लिए प्रेरित किया।

# जींद: ईंटों तथा नुकीले हथियार से हमला कर युवक को किया घायल

- पुलिस ने तीन युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राम कालोनी में दोस्त के भाई के साथ झगड़े की सूचना पाकर पहुंचे युवक पर कुछ युवकों ने ईंटों तथा किसी नुकीले हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह युवकों के खिलाफ तेजधार हथियार से हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। राम कालोनी निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 11 जुलाई को देर शाम खाना खाने के बाद अपने दोस्त अंकुर के साथ गोहाना रोड नाके पास घूमने आया हुआ था। उसी दौरान उसे सूचना की मिली कि उसके दोस्त अंकुर के भाई के साथ आशीष तथा उसके दोस्तों का झगड़ा हो गया। जब वे घटनास्थल की तरफ जा रहे थे तो रास्त में आशीष तथा उसके दोस्त बाइकों पर आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।



**जुलाना।** बाजार में बरसात के बाद गुजरते वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

### झमाझम बरसे बदरा, नपा के दावों की खुली पोल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बरसात ने पूरे कस्बे की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। मुख्य बाजार सहित कई प्रमुख सड़कों पर एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा हो गया, जिससे वाहन चालकोंए राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान बाजार से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक पानी में फिसलने से बचते नजर आएए जबकि कई चारपहिया वाहन भी जलभराव के कारण धीमी गति से चलते रहे। सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हुई। दुकानदारों को भी अपनी दुकानों के बाहर जमा पानी के कारण परेशानी उठानी पड़ी। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर आ गयाए जिससे गंदगी फैल गई। दुकानदारों ने कहा कि नगर पालिका द्वारा समय.समय पर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं लेकिन पहली ही तेज बारिश में इन दावों की हकीकत सामने आ गई।

## आकाश में छाए गहरे बादल, होर्डिंग और बोर्ड उखड़े, बिजली बाधित

# तेज हवा के साथ उड़ी धूल, गर्मी तथा उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोमवार शाम को मौसम ने करवट ली। तेज धूल भरी हवा चली तो आकाश मे काली घटा भी छा गई। जिसने लोगों को गर्मी तथा उमस से कुछ राहत दी। धूल भरी हवा चलने के कारण कुछ स्थानों पर होर्डिंग तथा बोर्ड उखड़ गए। बिजली भी बाधित हो गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 39 प्रतिशत तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 53 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। पिछले तीन दिनों से मानसून की गतिविधियां कम हो गई थी। जिसके साथ तापमान मे भी इजाफा होना शुरू हो गया था। मौसम मे उमस भी बन गई थी। सोमवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन में उमस भी जबरदस्त बनी रही। शाम को मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ धूल उडन्े लगी और आकाश मे गहरे बादल भी छा गए। जिसके बाद मौसम सुहाना हो गया। उमस से भी लोगो को कुछ राहत मिली। हवा भी ठडी रही। आकाश में छाए बादलो से बारिश के आसार भी बने रहे। वही किसानो को कहना है कि अच्छी बारिश की जरूरत है।



आसमान में छाए बादल।

### तीस की स्पीड से चली हवा

सोमवार शाम को आकाश में गहरे बादल छा गए। जिसके साथ हवा की गति तेज हो गई और उसके साथ धूल उडन्े लगी। जिसके साथ हवा की गति 30 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुची। जिसके साथ होर्डिंग तथा बोर्ड उखड़ गए। हालांकि किसी प्रकार की जनहानी नही हुई। धूल भरी हवा के कारण कुछ इलाको की बिजली भी गुल हो गई। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून सीजन है। कभी गतिविधियां अच्छी रहती है तो कभी कमी रहती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। आकाश में बादलवाई बनी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### डीआरएम करेंगे रेलवे जंक्शन का निरीक्षण

**जींद।** आगामी 17 जुलाई को होने वाले हाइड्रोजन ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी मंगलवार को जींद पहुंचेगे। सुबह दस बजे दिल्ली से अपने स्पेशल ट्रेन यान में चलकर डीआरएम लगभग पौने 11 बजे सोनीपत आएंगे। वहां निरीक्षण के बाद गोहाना होते हुए जींद पहुंचेंगे। इससे पहले तीन दिन पहले 11 जुलाई को रेवले बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने भी जींद जंक्शन व हाइड्रोजन प्लांट का निरीक्षण किया था। जबकि पांच को उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार पांडेय भी निरीक्षण के लिए जींद पहुंचे थे।

### ट्रेड डील के विरोध में 24 को करनाल में प्रदर्शन

**जींद।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी जींद की बैठक सोमवार को शहीद सूबे सिंह स्मारक में जिला प्रधान चांद बहादुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित दलाल ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में किसानों की स्थानीय समस्याओं, भारत-अमेरिका प्रस्तावित ट्रेड डील तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के बाद जारी प्रेस बयान में जिला सचिव बलिंद्र श्योकंद ने बताया कि किसान सभा ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 24 को भाजपा सांसद मनोहर लाल के करनाल स्थित कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन व 10 अगस्त को संयुक्त जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया है।

### जन संघर्ष मंच हरियाणा का खुला अधिवेशन संपन्न

**नरवाना।** जन संघर्ष मंच हरियाणा का खुला अधिवेशन चमेला कॉलोनी स्थित मंच कार्यालय नरवाना में संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता जिला प्रधान राजेश कुमार ने की तथा मंच संचालन सुरेश कुमार ने किया। सर्वप्रथम मंच कार्यकर्ताओं को सर्वसम्मति से चयनित जिला कार्यकारिणी से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात मंच के उद्देश्यों, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पूर्व मंत्री स्व.मांगे राम गुप्ता की जयंती मनाई

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वमावि में विद्यालय संस्थापक एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय मांगे राम गुप्ता की जयंती समारोह का आयोजन किया। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता, सचिव जैनेंद्र जैन, सहसचिव श्यामलाल गोयल, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश तायल आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर स्व. गुप्ता के चित्र को माल्यार्पण व पुष्पांजलि समर्पित कर किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्या रीटा अरोड़ा ने सभी अतिथि गणों का स्वागत किया एवं विद्यालय संस्थापक मांगे राम गुप्ता को वंदन किया।

### ईंटल खुर्द में ग्रामीणों को किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव ईंटल खुर्द में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव के सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, गिरते लिंग अनुपात तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना था। नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेटा व बेटी में समानता का संदेश देते समाज में सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया गया।

### सहायक प्राध्यापिका डा. ज्योति लडवाल की पुस्तक का विमोचन

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत रा.कालेज में सोमवार को समारोह के दौरान वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ज्योति लडवाल द्वारा लिखित पुस्तक स्टॉक मार्केट ऑपरेशंस का औपचारिक विमोचन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने पुस्तक का विमोचन करते इसे छात्रों और शिक्षकों के लिए उपयोगी शैक्षणिक कृति बताया। पुस्तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार की है। पुस्तक में शेयर बाजार, निवेश, वित्तीय प्रबंधन तथा स्टॉक मार्केट से जुड़े विभिन्न विषयों को सरल और समकालीन दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है।

---

### पत्रकारों से बातचीत में बोली राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा

# जींद से विकसित हरियाणा के नए युग का शुभारंभ करेंगे मोदी : रेखा

## देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद दौरा हरियाणा के विकास इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर हजारों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा देश की पहली हाइड्रोजन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर भारत की ग्रीन मोबिलिटी यात्रा को नई दिशा देंगे। यह कार्यक्रम केवल परियोजनाओं के शुभारंभ तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित हरियाणा से विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने वाला ऐतिहासिक अवसर होगा। रेखा शर्मा सोमवार को पत्रकारो से बातचीत कर रही थी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तजेंद्र ढुल, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद सैनी, प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा नगर परिषद चेयरमैन डॉ. अनुराधा सैनी जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भिवानी एवं नारनौल मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से दक्षिण हरियाणा के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए मेडिकल शिक्षा के नए अवसर पैदा होगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा राष्ट्रीय महत्व की अनेक विकास परियोजनाओं का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन आधारित रेल तकनीक स्वच्छ ऊर्जाए आधुनिक नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। इससे पर्यावरण संरक्षणए कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा भविष्य की हरित परिवहन व्यवस्था को नई गति मिलेगी व भारत अत्याधुनिक रेल तकनीकों को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भिवानी एवं नारनौल मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से दक्षिण हरियाणा के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा प्रदेश के युवाओं के लिए मेडिकल शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा। फोटो :हरिभूमि

#### प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा

कहा कि कुरुक्षेत्र में निर्मित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के उद्घाटन से वर्षों पुरानी रेल फाटकों पर लगने वाले जाम की समस्या में बड़ी राहत मिलेगी तथा यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगा। रेल तथा सड़को से विकास को गति मिलेगी। कहा कि प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र में बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखेंगे जो डिजिटल तकनीक आधारित प्रदर्शनी, आधुनिक पुस्तकालय और लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल तथा सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश ने आधुनिक आधारभूत ढांचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं सड़क एवं रेल संपर्क, निवेश और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

---

# कार्यक्रम में २7 परिवारों ने लिया हिस्सा

- परिवार जरुरी या मोबाइल पर जेसीआई एल्युमिनियम ने किया कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जेसीआई एल्युमिनियम जींद के द्वारा निजी होटल में आया सावन झूम के कार्यक्रम के तहत रूबरू प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य परिवार जरुरी या मोबाइल टाइटल रखा गया। जिसमें बच्चों को मोबाइल के नुकसान बारे जागरूक करते विस्तार प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा बच्चों एवं बड़ों को परिवार में कैसे सम्मान देना चाहिए। इसलिए इस शिक्षाप्रद कार्यक्रम में बड़ों एवं बच्चों को अपने-अपने परिवार से रूबरू करवाया। संस्था के अशोक खरब एवं संस्था के अध्यक्ष प्रमोद गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज के अति व्यस्त जीवन में किसी के पास समय नहीं है कि वह अपने परिवार से कैसे रूबरू हों। क्योंकि पहले होता था कि परिवार के सभी सदस्य एक जगह बैठ कर बातचीत करते थे खाना खाते थे। परंतु आज मोबाइल के समय में सभी अपने-अपने घरों में एकांत जीवन व्यतीत करते हैं और मोबाइल को ही अपना जीवन समझते हैं। इसलिए यह कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकल्प निदेशक आयुष बंसल रोहित जिंदल एवं नितिन गोयल ने कार्यक्रम को निर्देशित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 27 परिवारों के 92 सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से सचिन वडाला, जितेंद्र पाल, प्रदीप शर्मा, पवन सिंगला, कृष्ण मित्तल, चंद्रभान बंसल अजय गर्ग आदि मौजूद रहे।




नरवाना। बैठक में भाग लेते किसान सभा के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### अभियान चलाने की योजना बनाई

**नरवाना।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक में राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित दलाल ने बैठक में शिरकत की। इस बारे में जानकारी देते किसान सभा जिला सचिव बलिंद्र श्योकंद ने बताया कि किसान सभा जिला जींद कमेटी हुई बैठक में किसानों की स्थानीय समस्याओं जिसमें गांव के पीने के पानी की किल्लत सिंचाई के लिए पानी की कमी, खाद की आपूर्ति बढ़ाने, फसल खराबे है की लंबी मुआवजे बिजली की हाई टेंशन पावर लाइनों का किसानों को उचित मुआवजा देने आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और इन समस्याओं को लेकर जुलाई अगस्त में बड़ा अभियान चलाने की योजना बनाई गई। किसान सभा राज्य प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि भारत सरकार अमेरिका और अन्य विकसित देशों के साथ ट्रेड डील कर देश के किसानों को उजाड़ने पर तुली हुई है।

### बीएलओ के विरुद्ध केस दर्ज करवाने की कार्रवाई

**जींद।** सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों का कार्य निर्धारित समयसारिणी के अनुसार जारी है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ा महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य है। बताया कि लुदाना के बूथ नंबर191 पर नियुक्त बीएलओ जोगिंद्र कुमार द्वारा एसआईआर 2026 से संबंधित कार्य में अपेक्षित सहयोग और निर्धारित समयावधि में अपने बूथ से संबंधित कार्य पूरा नहीं किया जा रहा है तथा एसआईआर कार्य से जुड़े अभिलेख भी सुपरवाइजर को उपलब्ध नहीं करवाए गए। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत संबंधित बीएलओ जोगिन्द्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

---

#### राजेश को श्रेष्ठ कार्य के लिए किया सम्मानित

**नरवाना।** स्थानीय उपमंडल नागरिक कार्यालय उमें एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बूथ लेवल ऑफिसर राजेश टांक को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एसडीएम जगदीश चंद्र, प्राचार्य बलजीत गोयत और प्राचार्य रविंद्र मित्तल द्वारा राजेश टांक को समय सीमा से पहले एसआईआर का कार्य पूरी निष्ठा, लगन और कड़ी मेहनत से संपन्न करने पर यह सम्मान पत्र भेंट किया गया। बताया गया कि नई बस्ती आजाद नगर क्षेत्र में, जहाँ बड़ी संख्या में प्रवासी लोग आकर बसे हैं, वहाँ का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिल था। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए बी.एल.ओ. राजेश टांक ने पूरी शिद्दत के साथ डोर-टू-डोर जाकर, प्रतिदिन 10 से 12 घंटे लगातार कठिन परिश्रम किया।


नरवाना। बीएलओ राजेश को सम्मानित करते एसडीएम जगदीश चन्द्र


जींद। जुलाना में ज्ञापन सौंपते समिति पदाधिकारी।

#### जनवादी महिला समिति ने सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की ओर से महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को जनगणना और परिसीमन की शर्तों से अलग करते तत्काल लागू करने की मांग को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को विधानसभा और संसद में प्रभावी ढंग से उठाया जाए। ज्ञापन में महिला आरक्षण अधिनियमए 2023 को बिना किसी और देरी के लागू करने, संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा जनगणना और परिसीमन से अलग करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। जनवादी महिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सीपीआईएमके जिला सचिव कपूर सिंह, इनेलो के जिला प्रधान बिजेंद्र रेढ़ू तथा कांग्रेस की जुलाना विधायक विनेश फोगाट के पीए दलबीर फौजी को सौंपा।

#### नपा चेयरमैन ने निकासी व्यवस्था का लिया जायजा

**जुलाना।** नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने सोमवार को कस्बे के वार्ड नंबर 10 का दौरा कर लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गलियों में जमा गंदे पानी बंद पड़ी नालियों तथा जलभराव से हो रही परेशानियों को देखा और मौके पर नपा अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने चेयरमैन को बताया कि जल निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण घरों के बाहर गंदा पानी जमा रहता है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा मच्छरों और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। डॉ संजय ने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि बंद नालियों की तुरंत सफाई कराई जाए।


जुलाना। वार्ड 10 में लोगों से बात करते चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा।


मनदीप चोपड़ा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त करने के लिए शुभ कामनाएं देते हुए ।

#### मनदीप चोपड़ा बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**नरवाना।** गौपुत्र दल के राष्ट्रीय कार्यालय, अग्रोहा में आयोजित राष्ट्रीय बैठक के दौरान संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते मनदीप चोपड़ा (नरवाना) को हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति अवसर पर राष्ट्रीय मार्गदर्शक कुल्लू गिरीश महाराज एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील क्रांतिकारी ने मनदीप चोपड़ा को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल संगठनात्मक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। बैठक में संगठन को प्रदेशभर में और अधिक मजबूत करने, गौसेवा, गौरक्षा तथा राष्ट्रसेवा के कार्यों को गति देने और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोडने पर विस्तृत चर्चा की । संगठन पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि मनदीप दायित्व का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---


जींद। बैठक करते कंडेला खाप के प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

#### भाईचारा बनाए रखने का आह्वान

**जींद।** कंडेला में सर्वजातीय कंडेला खाप के सदस्यों की बैठक प्रधान धर्मपाल कंडेला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में खाप में आपसी भाईचारा बनाए रखने, नशे की रोकथाम और पूर्व में चल रही कई अन्य योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को जींद से सोनीपत तक हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ पर कंडेला खाप ने प्रसन्नता व्यक्त की है। पहल को जींद के लिए विकासात्मक, ऐतिहासिक और पर्यावरण अनुकूल कदम बताया गया। कंडेला खाप कई वर्षों से जींद में विकास कार्यों को शुरू करने की मांग कर रही थी। जींद से सोनीपत तक का किराया मात्र 25 रुपये रखना आम जनता के लिए सराहनीय कार्य है। जब से जींद और सोनीपत का संसदीय क्षेत्र सोनीपत बना है, लोगों का आवागमन कम हो गया था, सोनीपत के लिए कोई रेलमार्ग नहीं था और सड़क मार्ग पर भी बसें केवल गोहाना तक ही चलती थी।

## आसपास की सफाई रखना सबका कर्तव्य: शर्मा

### राज्य सभा सांसद रेखा ने पशुराम चौक पर श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पीएम नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को आगमन के अवसर पर सोमवार को राज्य सभा सांसद रेखा शर्मा तथा नप चेयरमैन डा अनुराधा सैनी ने स्वच्छता से स्वागत अभियान के अंतर्गत पशुराम चौक पर श्रमदान किया। अभियान के तहत उन्होने सफाई अभियान चला कर कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक दायित्व है। लोग अपने घरो की तरह आसपास के इलाके की सफाई का भी ख्याल रखे। कूडे को खुले मे डालने की बजाय निर्धारित स्थान पर कूडेदान में डाले। हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लें और स्वच्छ,सुंदर एवं विकसित हरियाणा के निर्माण में अपना योगदान दें।



जींद। स्वच्छता अभियान चलाए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।


उचाना। कार्यक्रम में पहुंची सुषमा देवेंद्र अत्री। फोटो :हरिभूमि

#### रैली में भाग लेने का आह्वान

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा देवेंद्र अत्री ने 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर उचाना हलके के छात्तर, मांडी, डाहोला सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। सुषमा अत्री ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि 17 जुलाई को लेकर पूरे हलके में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं और इसे ऐतिहासिक बनाने का संकल्प ले रही हैं। अत्री ने कहा कि 17 जुलाई का दिन जींद के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने और इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

---

### 17 को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का होगा शुभारंभः डॉ. राज सैनी

# पीएम के कार्यक्रम में शामिल होने का दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में जींद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भाजपा वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर गली-गली, घर-घर तथा पार्कों में जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। डा. राज सैनी ने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही हरियाणा के विभिन्न जिलों में करोड़ों की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया जाएगा। कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ हरियाणा ही नही बल्कि पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। डा. सैनी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान निमंत्रण पत्र वितरित कर लोगों को इस भव्य रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस रैली को इको फ्रेंडली बनाने के उद्देश्य से पेट्रोल और डीजल वाहनों के उपयोग से परहेज किया जाएगा। इसके स्थान पर प्रशासन और पार्टी द्वारा सैकड़ों इलेक्ट्रिक बसों, ई रिक्शा एवं अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है। डा. राज सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. राज सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

नगर पार्षद सियाराम, रमेश सैनी, विजय गोरियान, गुलशन रोहिला, अमित भारतीय, राममेहर सैनी, शास्त्री, सतपाल जांगड़ा, फूल सिंह शर्मा, जोधा प्रधान, प्रेम सिंह एवं रणधीर दरोगा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


जींद। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

#### एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**जींद।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की गई। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में एसडीएम सत्यवान मान तथा सीटीएम मोनिका रानी ने आमजन की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर मामले का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। इसी सोच के अनुरूप हर शिकायत का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि आमजन को सहजए सरल एवं जवाबदेह प्रशासनिक सेवाओं का लाभ मिल सके। कहा कि सीएम के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

मिशन एडमिशन

## अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य शुरू

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन कल

**अंतिम दिन नजदीक आते ही अभ्यर्थियों के आवेदनों ने पकड़ी रफ्तार**

कैथल राजकीय आईटीआई की 900 सीटों पर 7,696 आवेदन

- सामान्य वर्ग की तुलना में एससी और बीसी वर्ग के विद्यार्थियों का अधिक रुझान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। अंतिम दिन नजदीक आते ही अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन करने की रफ्तार तेज हो गई है। कैथल के राजकीय आईटीआई में करीब 900 सीटों के मुकाबले अब तक 7,696 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिससे संस्थान में दाखिले के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है।

### महिला अभ्यर्थियों के 17.91 प्रतिशत आवेदन

आंकड़ों के अनुसार कुल आवेदनों में महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी केवल 17.91 प्रतिशत रही है, जबकि अधिकांश आवेदन पुरुष अभ्यर्थियों ने किए हैं। इससे स्पष्ट है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अभी भी आवश्यकता है। वर्गवार आंकड़ों पर नजर डालें तो सामान्य वर्ग की अपेक्षा अनुसूचित जाति (एससी) और पिछड़ा वर्ग (बीसी) के विद्यार्थियों ने अधिक संख्या में आवेदन किए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की कौशल विकास योजनाओं और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के प्रति इन वर्गों के युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। राजकीय आईटीआई कैथल में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, स्टेनोग्राफी, फैशन डिजाइनिंग सहित विभिन्न ट्रेडों में दाखिले दिए जाएंगे। रोजगार की बेहतर संभावनाओं और उद्योगों में कुशल तकनीशियनों की बढ़ती मांग के कारण युवाओं का आईटीआई कोर्सों की ओर आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।

### समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें

राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। विद्यार्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें ताकि तकनीकी कारणों या पोर्टल पर बढ़ते लोड के कारण किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके उपरांत ही मेरिट सूची जारी कर दाखिला प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## राजकीय कॉलेज की 21 को जारी होगा मैरिट सूची

**कैथल।** जिले के सरकारी और निजी कॉलेजों में स्नातक (यूजी) दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। अब कॉलेजों में सोमवार से अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य शुरू हो गया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद विभिन्न कॉलेजों में करीब 5 प्रतिशत सीटें अभी भी खाली हैं। ऐसे में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा फिजिकल काउंसलिंग कराने के बाद ही यह सीटें भरी जाएंगी। कॉलेज प्रशासन के अनुसार ऑनलाइन मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। यह जांच आगामी 18 जुलाई तक लगातार जारी रहेगी। जांच को लेकर सभी कॉलेजों में कॉलेज प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क भी स्थापित किए गए हैं। बता दें कि जिलेभर के 15 कॉलेजों में 9500 सीटों पर करीब 16 हजार आवेदन आ चुके हैं। सत्यापन पूरा होने के बाद खाली बची सीटों का अंतिम आंकड़ा तैयार किया जाएगा। इसके बाद संबंधित कॉलेजों में फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

हालांकि इससे पहले 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसके बाद ही विद्यार्थी अपनी फीस जमा करवा पाएंगे। मेरिट सूची के तहत दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी। इसके बाद ही दाखिले से वंचित रहे विद्यार्थियों को मौका मिल सकता है।

| प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|
| दस्तावेज सत्यापन एवं आपत्तियों/ त्रुटियों का निस्तारण | 18 जुलाई तक |
| पहली मेरिट सूची होगी जारी | 21 व 22 जुलाई |
| पहली मेरिट सूची में जमा होगी | 23 से 27 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची होगी जारी | 28 व 29 जुलाई |
| दूसरी मेरिट सूची में जमा होगी | 30 से 03 अगस्त तक |
| फिजिकल काउंसलिंग होगी शुरू | 04 अगस्त से |
| फिजिकल काउंसलिंग के पोर्टल दोबारा होगा शुरू | 06 से 12 अगस्त तक |
| लेट फीस के साथ होंगे दाखिले | 13 से 09 अगस्त तक |

### दस्तावेजों की जांच होगी

उच्चतर शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी मनोज भांबू ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया एक दिन पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब 21 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगा। जबकि 18 जुलाई तक आवेदनों के दस्तावेजों की जांच होगी।

## हांसी-बुटाना नहर पर बना पुल किसानों को समर्पित, वर्षों पुरानी मांग पूरी



**पूंडरी।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजू ढुल पाई ने कहा कि उनके गांव पाई के किसानों और ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है। हांसी-बुटाना नहर पर लगभग 4.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पुल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसे किसानों को समर्पित कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पुल गांव के किसानों और आमजन की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। पुल बनने से खेतों तक पहुंच आसान होगी, समय और दूरी दोनों की बचत होगी तथा ग्रामीणों को लंबे समय से हो रही परेशानियों से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण की मांग तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समक्ष प्रमुखता से रखी गई थी, जिस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए कार्य को मंजूरी प्रदान की गई थी। राजू ढुल पाई ने बताया कि पुल तैयार होने पर गांव के किसानों ने वीडियो कॉल के माध्यम से दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए भी गर्व और संतोष का विषय है कि ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकी और क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की सौगात मिली। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्य हमेशा उनकी प्राथमिकता रहे हैं और भविष्य में भी क्षेत्र के विकास तथा ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा आगे : विनोद



**पूंडरी।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित दौरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों को कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। विशेष रूप से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाया जाना हरियाणा के लिए गर्व का विषय है और इससे प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। जींद में प्रधानमंत्री का दौरा विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा और इससे प्रदेश के लोगों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। विनोद बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई पहचान बना रहा है, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास को नई गति देने का काम किया है और हर वर्ग के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनें तथा विकास यात्रा के सहभागी बनें।

## समाधान शिविर में पहुंचे फरियादी एसडीएम ने सुनी शिकायतें



**कैथल।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कैथल एसडीएम संजय कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निवारण का सशक्त माध्यम है। सरकार का उद्देश्य नागरिकों को एक ही मंच पर विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का समाधान उपलब्ध करवाना है। इसलिए अधिकारी प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें तथा उसका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान उपरांत पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि शिकायत का स्थायी समाधान हो और उसे दोबारा खोलने की आवश्यकता न पड़े। शिविर के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य, परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, पुलिस विभाग से संबंधित समस्याएं सामने आई, जिसका संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। आमजन समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## गुप्त नवरात्र में करें मातृशक्ति की उपासना: पंडित रवि दत्त शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुंडरी में प्रसिद्ध धर्माचार्य पंडित रवि दत्त शास्त्री ने बताया कि हिंदू धर्म में चैत्र व शारदीय नवरात्रि प्रमुख रूप से मनाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके अलावा माघ और आषाढ़ मास में भी नवरात्रि आते हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि के नाम से जाना जाता हैं।

प्रतिपदा तिथि को माता को घी का भोग लगाएं। इससे रोगी को कष्टों से मुक्ति मिलती हैं एवं शरीर निरोगी होता है। द्वितीया तिथि को माता को शक्कर का भोग लगाएं। इससे उम्र लंबी होती है। तृतीया तिथि को माता को दूध का भोग लगाएं। इससे सभी प्रकार के दुःखों से मुक्ति मिलती है। चतुर्थी तिथि को माता को मालपुआ का भोग लगाएं। इससे समस्याओं का अंत होता है। पंचमी तिथि को माता को केले का भोग लगाएं। इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। षष्ठी तिथि को माता को शहद का भोग लगाएं। इससे धन लाभ होने के योग बनते हैं । सप्तमी तिथि को माता को गुड़ का भोग लगाएं। इससे हर मनोकामना पूरी हो सकती है। अष्टमी तिथि को माता को नारियल का भोग लगाएं। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है नवमी तिथि को माता को विभिन्न प्रकार के अनाज का भोग लगाएं। इससे वैभव व यश मिलता है।

### आषाढ़ गुप्त नवरात्रि घट स्थापना का दिन व शुभ मुहूर्त



आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 जुलाई 2026 बुधवार से प्रारंभ हो रहे हैं। ऐसे में घट स्थापना इस दिन की जाएगी। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 5:33 मिनट से सुबह 10:39 मिनट तक है। इस दौरान 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धुमावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा अर्चना की जाती हैं।

2. मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और चुनरी अर्पित करें। 3. इसके बाद मां दुर्गा के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित करें। 4. मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है।

## सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी तरह सतर्क : जगदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी की टीम गांव सजूमा का दौरा करते हुए।

गांव सजूमा में तेजी से फैल रही बीमारियों को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने सोमवार को गांव का दौरा किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता जगदीप दलाल ने बताया कि गांव सजूमा में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की टीमें लगातार गांव में तैनात रहकर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। साथ ही घर-घर जाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल के उपयोग, स्वच्छता, पानी की गुणवत्ता तथा जलजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दलाल ने बताया कि विभाग द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति की नियमित रूप से क्लोरीनेशन जांच कराई जा रही है तथा पानी की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान गांव में 2-3 निजी असुरक्षित पेयजल कनेक्शन पाए गए थे, जिन्हें विभाग की टीम द्वारा तत्काल ठीक करवा दिया गया। इसके अतिरिक्त पेयजल वितरण प्रणाली में जहां भी तकनीकी कमियां पाई गईं, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर दूर कर दिया गया है।

जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## न्यूज डायरी



मटौर स्थित मारकंडे मंदिर में पहुंची बाला जी गदा यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु।

### मटौर में बाला जी गदा यात्रा का भव्य स्वागत

**राजौंद।** गांव मटौर के महर्षि मार्कण्डेय मंदिर मुकुटेश्वर धाम मटौर धाममें श्री बाला जी गदा यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण के बीच शुक्रवार को 21 फुट लंबी श्री बाला जी महाराज की अष्टधातु से निर्मित गदा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।यह गदा यात्रा केतन सेवा संस्थान हनुमंत धाम उदयपुर (राजस्थान) से चलकर गांव मटौर के मारकंडे मंदिर परिसर में पहुंची। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से यात्रा का स्वागत किया और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के साथ चल रहे सेवादार सीताराम ने बताया कि यह गदा यात्रा कंचन सेवा संस्थान में 11 मुखी और 84 फीट के ऊंचे हनुमान जी महाराज का भव्य विशाल और एतिहासिक मंदिर और मूर्ति का निर्माण हो रहा है। उन्ही हनुमान जी महाराज की विश्व की एतिहासिक 21,फिट लंबी अष्ट धातु से निर्मित पवित्र गदा पुरे भारत में 32 महीने से भ्रमण कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सौभाग्यशाली है जो यह घोटा आपके शहर में आ रहा है।

### चोरों ने ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया

**कैथल।** पूंडरी के गांव जांबा में खेत में लगे कृषि ट्रांसफार्मर को निशाना बनाकर चोर कॉपर कॉयल, ट्रांसफार्मर ऑयल और अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) को करीब 65 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बिजली अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूंडरी थाना पुलिस को एसडीओ कार्यालय द्वारा दी शिकायत में बताया कि 8-9 जुलाई की रात गांव जांबा में सावित्री देवी के 16 केवीए कृषि ट्रांसफार्मर को अज्ञात ने चोरी कर लिया। चोर ट्रांसफार्मर की एचटी-एलटी कॉपर कॉयल, ट्रांसफार्मर ऑयल तथा अन्य सामान भी साथ ले गए। बिजली निगम की जेई रिपोर्ट के अनुसार चोरी हुए सामान की अनुमानित कीमत करीब 64 हजार 815 रुपए है। जांच अधिकारी एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ का प्रदर्शन आज

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ ब्लॉक की मिटिंग नगर परिषद कैथल मे संघ कार्यालय पर हुई। बैठक में 13 मई को हुए समझौते को लागू न करने और वादा खिलाफी के विरोध मे नगर पालिका कर्मचारी संध हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन का राज्य स्तरीय जत्था कल कई जिलो से होता हुआ कैथल नगरपरिषद मे 10 बजे एक सभा करेगा। इसके बाद शहर में जोरदार प्रदर्शन करके जनता के बीच मे सफाई सीवर व फायर के कर्मचारियों से राज्य सरकार द्वारा की जा रही बार-बार की वादा खिलाफी की पोल खोलेंगे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की। संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। गेट मीटिंग व प्रदर्शन मे भारी संख्या मे महिला-पुरुष कर्मचारियों ने भाग लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। शिवचरण ने बताया कि 13 मई को हुए समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर कल 14 जुलाई को जिला स्तरीय रैली व प्रदर्शन करेंगे।



### बिजलीकर्मियों का अंबाला में प्रदर्शन 17 को

**राजौंद।** सोमवार को राजौंद में बिजली निगम कर्मचारियों ने 17 जुलाई को अंबाला में होने वाले बिजली मंत्री के घेराव एवं रोष प्रदर्शन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाकर लोगों और साथियों को प्रदर्शन में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण अब मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने अधिक से अधिक संख्या में अंबाला पहुंचकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर सब यूनिट प्रधान हरदीप सिंह, सब यूनिट सचिव सुनील कुमार, संदीप कोटड़ा, मुकेश कुमार, बलिंद सिसमो, विकास पूंडरी सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग पाई की टीम ने बूस्टिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

**पाई।** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाई के अंतर्गत आने वाले बूस्टिंग स्टेशन (जलघर) प्रथम एवं द्वितीय का सिविल सर्जन डॉ रेणु चावला के आदेशों पर व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी पूंडरी डॉ महेश के निर्देशों पर ,स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों बूस्टिंग स्टेशनों पर स्थापित क्लोरीनेशन डोजर की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि पेयजल में निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीन की मात्रा मिलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त ऑर्थोटोलिडीन टेस्ट के माध्यम से पेयजल में अवशिष्ट क्लोरीन की जांच की गई, ताकि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच ने बताया कि जलजनित रोगों जैसे डायरिया, हैजा, टायफाइड एवं पीलिया की रोकथाम के लिए पेयजल का नियमित क्लोरीनीकरण तथा समय-समय पर उसकी गुणवत्ता की जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि क्लोरीन डोजर का नियमित रखरखाव किया जाए तथा क्लोरीन की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखी जाए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग पाई की टीम द्वारा भविष्य में भी नियमित रूप से जल स्रोतों का निरीक्षण एवं पेयजल गुणवत्ता की जांच जारी रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

एसआईआर | 14 जुलाई तक गणना प्रपत्र जमा कराने की अपील, 1376 फार्म अभी भी लंबित

# एसआईआर अभियान के तहत 7.39 लाख से अधिक मतदाताओं का डाटा डिजिटल : डीसी अपराजिता

- 14 जुलाई तक अपने-अपने बीएलओ के पास गणना प्रपत्र अवश्य जमा करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि जिले में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के 807 मतदान केंद्रों पर कुल 8 लाख 28 हजार 255 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 7 लाख 39 हजार 269 मतदाताओं का डाटा सफलतापूर्वक डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। वर्तमान में 1376 गणना प्रपत्र जमा होना शेष हैं। उन्होंने सभी संबंधित मतदाताओं से अपील की कि वे 14 जुलाई तक अपने-अपने बीएलओ के पास गणना प्रपत्र अवश्य जमा करवाएं।

डीसी अपराजिता ने बताया कि शेष 87 हजार 610 मतदाता अनुपस्थित, मृत अथवा स्थानांतरित श्रेणी में शामिल हैं, जिनका सत्यापन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य शुद्ध एवं अपडेट मतदाता सूची तैयार करना है, जो स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने तथा समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्र जमा कराने का आह्वान किया।



कैथल। डीसी अपराजिता।

डीसी ने बीएलओ को भी निर्देश दिए कि वे लंबित प्रपत्रों को शीघ्र जमा कराने के लिए संबंधित मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क करें और अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि कलायत और पूंडरी विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि गुहला विधानसभा क्षेत्र के 199 मतदान केंद्रों पर 1 लाख 93 हजार 840 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 75 हजार 306 मतदाताओं का डाटा डिजिटाइज्ड किया जा चुका है तथा यहां केवल 76 गणना प्रपत्र लंबित हैं। वहीं कलायत विधानसभा क्षेत्र के 209 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 14 हजार 657 तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के 184 मतदान केंद्रों पर 1 लाख 94 हजार 11 मतदाताओं का शत-प्रतिशत डाटा डिजिटाइज्ड किया जा चुका है।

कैथल विधानसभा क्षेत्र में 209 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 14 हजार 657 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1300 गणना प्रपत्र अभी लंबित हैं। उपायुक्त ने सभी संबंधित मतदाताओं से 14 जुलाई तक अपने बीएलओ के पास गणना प्रपत्र जमा कराकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## कलायत में एसआईआर एवं एफएफ डिजिटाइजेशन कार्य निर्धारित समय से पूर्व शत-प्रतिशत पूर्णः अजय हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलायत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत निर्धारित सभी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एस.आई.आर. से संबंधित कार्यों को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई थी, किन्तु निर्वाचन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों तथा प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप यह कार्य निर्धारित समय-सीमा से एक दिन पूर्व ही 13 जुलाई को पूर्ण कर लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि कलायत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एफ.एफ. डिजिटाइजेशन का कार्य भी 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इससे निर्वाचन अभिलेखों के डिजिटलीकरण एवं मतदाता सूची से संबंधित सूचनाओं के अद्यतनकरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने में सहायता मिलेगी।



अजय हुड्डा

उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजरों तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**ग्राम पंचायत, ईक्कस**
**ब्लॉक जीन्द (जीन्द) हरियाणा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ईक्कस खंड व जिला जींद के बणी वाला तालाब, कुंडी वाला तालाब और जोहड़ी वाला तालाब को मछलीपालन हेतु पट्टे पर देने हेतु दिनांक 22-07-2026 को प्रातः 10:00 बजे सामान्य चौपाल में खुली बोली का आयोजन किया जाएगा।
खुली बोली में भाग लेने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को प्रातः 10:00 बजे सामान्य चौपाल में पहुंचकर 50000/- रु. सिक्योरिटी राशि के तौर पर जमा करवाने होंगे। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत ईक्कस
खंड व जिला जींद
9728978089

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत ईक्कस
खंड व जिला जींद
8569981877

## स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने औचक दौरा कर जांची नागरिक अस्पताल में सुविधाएं

# इमरजेंसी का माइक ठीक करवाने व गेट के पास ही आईसीयू बेड के दिए निर्देश, सीटी स्कैन वार्ड में कुत्ता मिलने पर भड़के

» कहा-रजिस्टर की दुनिया से निकल कर बाहर आएं स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी

» 15 जुलाई को होने वाली मॉक ड्रिल से पहले व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। इमरजेंसी में उपचाराधीन मरीज से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप। फोटो : हरिभूमि


जींद। इमरजेंसी वार्ड में दवाओं के कैबिन व दवा ट्रे को लेकर दिशा-निर्देश देते हुए स्वास्थ्य विभाग के निदेशक।


जींद। स्टीकर लगाए जाने को समझाते निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप।


जींद। लैब में जानकारी हासिल करते निदेशक। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप सोमवार को नागरिक अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां इमरजेंसी में वार्ड माइक खराब मिला। जिसे तुरंत प्रभाव से ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा फाइल कवर, दवा की ट्रे, दवा ट्रे पर स्टीकर, इमरजेंसी में स्पेशल आईसीयू बेड का प्रबंध करने, नारकोटिक्स ड्रग्स को डबल लॉक में रखने, दवाओं की कमी है तो उसका समय रहते प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों को रजिस्टर की दुनिया से निकल कर बाहर आने की बात कही। इसके अलावा इमरजेंसी में रखे वेस्ट को लेकर भी स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 15 जुलाई को मॉक ड्रिल होगी, इससे पहले सभी व्यवस्थाएं और सभी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिएं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने निरीक्षण की शुरुआत इमरजेंसी वार्ड से की। इमरजेंसी वार्ड में गेट के पास ही मोबाइल बेड, आईसीयू बेड विद मॉनिटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी में चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यप्रणाली को देखा। इमरजेंसी में मरीजों को बुलाने के लिए लगाया गया माइक खराब मिला। जिस पर उसे ठीक करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा फाइल कवर, दवा की ट्रे, नारकोटिक ड्रग्स को डबल लॉक करने, सफाई रखने, क्रैश कार्ट (दवा बॉक्स) को ठीक से मैनेज रखने, वेस्ट का सही तरीके से मैनेजमेंट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवीर पूनिया और डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राजेश भोला उनके साथ रहे।

### एक पर्ची पूरे स्वास्थ्य विभाग की बेइज्जती करवा देगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने सोमवार को नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड के माइनर ओटी में उनको एक कागज की स्लीप मिली, जिस कर मई एक्सपायरी लिखा हुआ था। उन्होंने तुरंत कहा कि यह एक छोटी सी पर्ची पूरे स्वास्थ्य विभाग की बेइज्जती करवा देगी। क्या यह बहुत महंगी आती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पर्ची तुरंत बदलनी चाहिएं।

### टेस्ट रिपोर्ट हाथ से लिखने पर जताया एतराज

डॉ. ब्रह्मदीप ने इसके बाद लैब का निरीक्षण किया। यहां पर कुछ रिपोर्ट कंप्यूटराइज्ड तो कुछ हाथ से लिखी मिली। इस पर उन्होंने एतराज जताते हुए कहा कि क्या यह रिपोर्ट भी कंप्यूटराइज्ड नहीं हो सकती। लैब इंचार्ज डॉ. अजय चालिया ने कहा कि उनके पास प्रिंटर नहीं है। इस पर उन्होंने तुरंत प्रिंटर उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने कहा कि हाथ से लिखने में गलती हो सकती है। वह जल्द ही दोबारा निरीक्षण करने आएंगे, उस समय उनको सभी रिपोर्ट कंप्यूटराइज्ड मिलनी चाहिएं। जब डॉ. ब्रह्मदीप ने डॉ. चालिया से कहा कि प्रिंटर क्यों नहीं है तो डॉ. चालिया ने कहा कि उन्होंने तीन प्रिंटर की मांग भेजी हुई है। इस पर निदेशक ने कहा कि क्या लैब के किसी व्यक्ति के पास वित्तीय शक्तियां नहीं हैं तो डॉ. चालिया ने मना किया। इस पर उन्होंने कहा कि लैब के किसी एक व्यक्ति के पास वित्तीय शक्तियां होनी चाहिएं। आपको किसी भी सामान को मंगवाने के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए। आप खुद पैसे खर्च करके प्रिंटर खरीद सकते हो।

### जरनल के साथ मिला बायोवेस्ट का डस्टबिन

इमरजेंसी वार्ड में एक जगह तीन रंगों के डस्टबिन रखे मिले। जब स्वास्थ्य अधिकारियों से पूछा कि क्या ये बायोवेस्ट के डस्टबिन हैं तो उनको बताया गया कि यह जरनल वेस्ट है। इस पर उन्होंने कहा कि फिर यह येलो कलर का डस्टबिन यहां कैसे रखा, जो बायोवेस्ट के लिए होता है। उन्होंने कहा कि जो एजेंसी बायोवेस्ट उठाती है, वह इसका ज्यादा चार्ज लेती है। इसलिए जरनल और बायोवेस्ट अलग-अलग होना चाहिए।

### 200 अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची फाइनल

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों की सूची तैयार की गई। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुबीर पूनिया, डॉ. राजेश भोला व डॉ. अरविंद कुमार ने इस सूची को फाइनल किया। सभी के आधार कार्ड व फोटो समेत सूची डीसी आफिस भेजी गई। इसके बाद यह सूची पुलिस के पास वेरिफिकेशन के लिए जाएगी। निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप जब एक्सरे व सीटी स्कैन वार्ड में दाखिल हुए तो उनको गलियारे में कुत्ता बैठा दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि यह क्या है। इसे तुरंत भगाओ।

### स्वच्छता को लेकर दिए कड़े निर्देश

निदेशक ने डॉक्टरों और स्टाफ से बातचीत करते हुए अस्पताल की मौजूदा स्थिति पर संतोष जताया लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए डा. ब्रह्मदीप ने कहा कि अस्पताल परिसर की स्वच्छता मरीजों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। बेडशीट, फर्श, शौचालय और कूड़ेदान की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। संक्रमण नियंत्रण को प्राथमिकता दी जाए। कचरे और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का उचित निपटान हो।

### इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को तुरंत ट्रीटमेंट मिले

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रह्मदीप ने इमरजेंसी में आए मरीजों को तुरंत प्रभाव से उपचार देने की बात कही। यहां उपचाराधीन पिंडारा के जयभगवान व जगजीवन ने बताया कि शेटरिंग लगाते हुए उन्हें चोट लगी है। मरीज के शरीर में खून जमा देख डा. ब्रह्मदीप ने तुरंत उपचार देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि इमरजेंसी में जो भी आए उसे तुरंत उपचार दिया जाए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने अस्पताल की नई बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया।

### नियमित रूप से स्टॉक की जांच की जाए

डॉ. ब्रह्मदीप ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि नियमित रूप से स्टॉक की जांच की जाए ताकि कोई भी दवा या उपकरण की कमी न हो। साथ ही स्टाफ को प्रशिक्षण देने और नए उपकरणों के इस्तेमाल पर कार्यशालाएं आयोजित करने के भी सुझाव दिए। पीएमओ डॉ. रघुवीर पूनिया, डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने निदेशक को आश्वासन दिया कि दिए गए सभी निर्देशों को शीघ्र लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जींद का नागरिक अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए।

## खबर संक्षेप

### रैली में आई इलेक्ट्रिक बसों को खड़ा करने की हो रही व्यवस्था

जींद। पीएम नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई के आगमन कार्यक्रम को देखते हुए इलेक्ट्रिक बसों में लोगों के आने का आह्वान किया गया है। ऐसे में अलग-अलग डिपो में चल रही 100 से अधिक ई बसों की रैली वाले दिन आने की संभावना है। ऐसे में वर्कशाप परिसर स्थित अन्य जगह ई बसों के खड़ा करने को लेकर व्यवस्था बनाई जा रही है। वहीं, अस्थाई चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। वर्कशाप में कर्मचारियों के खड़े होने वाले वाहनों को अब बस स्टैंड परिसर में ही खड़ा किया जा रहा है। यात्रियों के लिए 17 जुलाई तक बस स्टैंड की पार्किंग में वाहनों के खड़ा करने पर रोक लगा दी है।

### पीएम के जींद दौरे से पहले पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों का शक्ति प्रदर्शन

जींद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जींद दौरे से पहले हरियाणा के लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार बड़ी संख्या में जींद में हवेली में एकत्र हुए। उनका कहना था कि यदि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से पहले भुगतान नहीं हुआ तो वे रैली स्थल पर पहुंच कर पीएम से सीधे गुहार लगाएंगे। ठेकेदारों की संस्था आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक जैन, प्रधान जय भगवान व उप प्रधान मनोज चहल ने कहा कि हरियाणा सरकार पर पीडब्ल्यूडी कार्यों के लगभग 900 करोड़ रुपये बकाया है, जिससे सैकड़ों ठेकेदार और उनके हजारों परिवार के लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।


जींद। नपा चेयरमैन का स्वागत करते पार्षद व अन्य।

### नपा चेयरमैन ने दोबारा संभाला कार्यभार

जुलाना। जुलाना नगरपालिका जुलाना के चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा ने बहाली के बाद सोमवार को दोबारा अपना कार्यभार संभाल लिया। नगरपालिका कार्यालय पहुंचने पर पार्षदों, कर्मचारियों और समर्थकों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि डॉ. संजय जांगड़ा को शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा गत तीन मार्च को निलंबित कर दिया गया था। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें पुनः बहाल कर दिया गया है। बहाली के आदेश जारी होने के बाद उन्होंने सोमवार को औपचारिक रूप से नगरपालिका कार्यालय पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि वे नगर के विकास कार्यों को पहले से अधिक गति देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था, पेयजल, सीवरेज, सड़क निर्माण और अन्य जनहित से जुड़े कार्य उनकी प्राथमिकता रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगरपालिका की टीम के साथ मिलकर लंबित विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाएगा।

## पीएम रैली से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर की जाएं पूरी : डॉ. वैशाली शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। डीसी डा. वैशाली शर्मा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। बैठक में करनाल डिविजन के कमिश्नर राजीव रतन विशेष रूप से मौजूद रहे। इससे पहले प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से हेलीपैड, मुख्य पंडाल, मंच, पार्किंग, परिवहन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साज सज्जा और प्रचार-प्रसार सहित सभी तैयारियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।

### सात जगह पार्किंग साइट का निर्धारण किया

उन्होंने बताया कि कुल सात पार्किंग साइट्स चिन्हित की गई है। डीसी ने यह भी बताया कि रेलवे स्टेशन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की भी तैयारियां भी मुक्कमल की जा रहीं हैं। इस अवसर पर हिसार रेंज के आईजी कुलदीप यादव, एसपी कुलदीप सिंह आईएएस यश जालुका, एडीसी प्रदीप कुमार, जिला नगर आयुक्त अनिल दून, जींद, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह, सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश मोनिका रानी, आरटीए गिरीश आदि मौजूद रहे।



कैथल। बैठक में बातचीत करते बसपा कार्यकर्ता।

### बसपा ने की संगठन की मजबूती पर चर्चा

कैथल। बहुजन समाज पार्टी जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय कैथल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनोज ग्रोवर, प्रदेश महासचिव, बहुजन समाज पार्टी हरियाणा ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद कुराड ने की। बैठक में पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. मनोज ग्रोवर ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों एवं सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय एजेंडे को जन-जन तक पहुंचाया जाए। डॉ. ग्रोवर ने कहा, "हमें घर-घर जाकर बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को समझाना है। संगठन की मजबूती ही हमारी जीत की गारंटी है। हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करना होगा।" जिला अध्यक्ष विनोद कुराड ने बैठक में उपस्थित सभी सेक्टर प्रभारी, विधानसभा अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया।

## डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर की अपार संभावनाएं : सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। कार्यक्रम में प्रश्न पूछते हुए छात्रा।

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन जींद द्वारा इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिए डिजिटल मार्केटिंग में करियर की संभावनाएं विषय पर प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल युग में उभरते रोजगार अवसरों, कौशल विकास तथा उद्यमिता की संभावनाओं से अवगत कराना था।

कार्यक्रम में डिजिटल इनोवेशन विजनरी के सीईओ सार्थक सिंगला तथा ट्रिपल डैश इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मनदीप गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। सार्थक सिंगला ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज केवल एक करियर विकल्प नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुकी है। सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन, सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, डिजिटल विज्ञापन, ई कॉमर्स और ब्रांड मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। राजकुमार भोला ने कहा कि आज के समय में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है बल्कि कौशल, अनुभव और व्यवहारिक ज्ञान भी उतना ही महत्वपूर्ण है।


कैथल। दूषित पेयजल के विरोध में उतरे वार्ड 9 व 10 के निवासी व समाजसेवी संदीप सैनी। फोटो :हरिभूमि

### आईजीएल और जन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से वार्ड 9 व 10 के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर

सीवन। युवा भाजपा नेता संदीप सैनी ने आरोप लगाया कि आईजीएल द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने के दौरान नगर के कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर दी गई। समय पर उनकी समुचित मरम्मत नहीं होने तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की प्रभावी निगरानी के अभाव में वार्ड नंबर 9 और 10 के घरों में दूषित एवं गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वे मजबूरी में दूषित पानी पीने को विवश हैं। संदीप सैनी ने कहा कि बरसात के मौसम में इस प्रकार की लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। दूषित पेयजल के कारण हैजा, टाइफाइड, पीलिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या से संबंधित शिकायतें कई बार अधिकारियों के संज्ञान में लाई जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।

## कश्यप महापंचायत में एकता व संगठन मजबूती पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


राजौंद। कश्यप महापंचायत हरियाणा के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी एवं समाज के लोग

कश्यप महापंचायत हरियाणा का भव्य एवं सफल संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रसार, युवाओं की भागीदारी और संगठन को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समाज को एकजुट रखने तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की, जबकि संरक्षक रामकुमार कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह कश्यप, जिला अध्यक्ष कैथल रमेश कश्यप, युवा जिला अध्यक्ष नोनी कश्यप और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा कश्यप ने भी अपने विचार रखे और समाज में शिक्षा व जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके अलावा हलका महासचिव राधेश्याम कश्यप हाबड़ी, युवा हल्का अध्यक्ष पवन कश्यप वजीर खेड़ा,जिला आईटी सेल प्रमुख राकेश कश्यप राजौंद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष कश्यप, ब्लॉक आईटी सेल अध्यक्ष रवि कश्यप, संगठन महामंत्री सुरेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### पीएम जींद को दें टैक्स फ्री आर्थिक जोन की सौगात

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल पिछले कई दिनों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जींद के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण घोषणाओं की मांग करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी से 17 जुलाई के प्रस्तावित जींद दौरे के दौरान जिले को टैक्स फ्री विशेष आर्थिक जोन घोषित करने की ऐतिहासिक घोषणा करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि उत्तराखंड के रुद्रपुर और हिमाचल प्रदेश के बद्दी की तर्ज पर जींद को भी विशेष आर्थिक जोन का दर्जा मिलता है तो यह जिला औद्योगिक, आर्थिक और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा। हरियाणा के मध्य में स्थित होने के बावजूद जींद आज भी बड़े औद्योगिक निवेश से वंचित है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## साइकिल यात्रा से पीएम की रैली के ईको फ्रेंडली बनाने का आह्वान

# रूद्राक्ष ने साइकिल यात्रा निकाल दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। साइकिल रैली निकालते हुए भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 जुलाई को जींद आगमन की तैयारियों को लेकर अपने सैकड़ों युवा साथियों के साथ भव्य साइकिल यात्रा निकाली। साइकिल रैली के माध्यम से ईको फ्रेंडली का संदेश दिया गया और साथ ही शहरवासियों से आह्वान किया कि वो पेट्रोल व डीजल के वाहनों की बजाए अन्य वाहनों से रैली स्थल पर पहुंचे। साइकिल यात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर झांज गेट, पंजाबी बाजार, मेन बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रानी तालाब, अंबेडकर चौक पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान युवाओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। हाथों में तिरंगा और भाजपा के झंडे लिए युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में जोरदार नारे लगाए।

भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि साइकिल यात्रा में उमड़ा युवाओं का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जींद आगमन को लेकर प्रदेश का हर युवा उत्साहित है और उनके स्वागत के लिए पलकें बिछाए बैठा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के मार्गदर्शन में उनके पिता हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा तथा पूरा हरियाणा भाजपा परिवार प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियों में दिन-रात जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जींद से विशेष लगाव रहा है और उनका यह दौरा जिले के विकास के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

### देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे झंडी

भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने बताया कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही जींद और प्रदेश के विकास के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। उन्होंने सभी युवाओं एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर प्रधानमंत्री जी का ऐतिहासिक स्वागत करें और इस गौरवपूर्ण अवसर के साक्षी बनें।

### जींद में प्रधानमंत्री का आगमन विकास का नया अध्याय : गुर्जर



पूंडरी। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पानीपत के जिला प्रभारी अशोक गुर्जर ने कहा कि 17 जुलाई को जींद में होने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक आगमन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित हरियाणा और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन और पारदर्शिता की नई पहचान बना रहा है तथा प्रधानमंत्री का यह दौरा उसी विश्वास पर जनता की मुहर साबित होगा।